# अभियंता प्रमुख का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग
## सकारण आदेश

योजनाशीर्ष **PMGSY** अंतर्गत कार्य प्रमंडल, अररिया के अधीन योजना **T05-Nepal Border Jhala Chowk To Jakirparas, Last Border Construction of HL Bridge at Ch 33.20 km. Over Alignment (Package No-BR01P2R-49)** में निर्माणाधीन पुल के गिर जाने के कारण संवेदक **Sirajur Rahman, (Regd. No-1150073/1230336)** के निबंधन संख्या को कालीसूची में सम्मिलित करने के पूर्व विभागीय पत्रांक–2199 दिनांक–18.06.2024 द्वारा पन्द्रह दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण पृच्छा की गयी थी। विहित अवधि के अन्दर संवेदक का पक्ष अप्राप्त रहा। पुनः विभागीय पत्रांक–2329 दिनांक–04.07.2024 द्वारा संवेदक को स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने हेतु स्मारित किया गया। जिसके आलोक में संवेदक **Sirajur Rahman, (Regd. No-1150073/1230336)** द्वारा अपने पत्रांक–02 दिनांक–09.07.2024 से अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया, जिसमें संवेदक द्वारा कहा गया है कि पुल निर्माण का कार्य गुणवत्ता के साथ एवं स्वीकृत नक्शा एवं प्राक्कलन के अनुसार किया गया है तथा पुल के निकट से स्थानीय लोगों द्वारा नदी से काफी मात्रा में बालू/मिटटी निकाला गया है एवं खनन माफिया द्वारा भी अवैध खनन किया गया है, जो कि पुल गिरने का कारण हो सकता है।

निर्माणाधीन पुल गिरने के उपरांत स्थल जॉच के क्रम में पुल निर्माण में प्रयुक्त सामग्रियो की जॉच प्रयोगशाला में कराई गई। अंतरिम जॉचफल का सारांश "From the test data, interpretation and analysis made above, considerable variation is observed in in-situ concrete compressive strenght, ranging from 8.08 to 55.45 MPa across the tested areas and the average in-situ compressive strength was found to be 22.97MPa. Element wise average in-situ compressive strength may be compared to design strength for adequacy. Average carbonation depth is found to be 11mm which is high for a new bridge and can cause early onset of corrosion in steel rebars. Sonic Integrity Test results show non-uniformity in two piles (Abutment-1, Pile 1 at 6.0 m and Pile 2 at 11.0 m.)" है। इससे स्पष्ट होता है कि संवेदक द्वारा मानक विशिष्टियों के अनुरूप कार्य नहीं कराया गया है तथा इनके द्वारा गुणवत्ताविहीन कार्य कराने के कारण ही निर्माणाधीन पुल गिरा। ध्वस्त पुल के गिरने का विडियो राज्य/राष्ट्रीय चैनलों पर प्रमुख के साथ प्रसारित किया गया, इससे राज्य सरकार और विभाग की छवि धूमिल हुई। संवेदक के इस कृत्य से सरकारी राशि की भी क्षति हुई। क्षतिग्रस्त पुल की विस्तृत जॉच अभी जारी है। अंतरिम जॉचफल से प्रथम दृष्टया परिलक्षित होता है कि संवेदक द्वारा तकनीकी पहलुओं को नजर अंदाज करते हुए निर्माण कार्य कराया गया, जिसके कारण पुल क्षतिग्रस्त हुआ। साथ ही लक्षित गॉवों को सम्पर्कता देने का विभाग का उदेश्य पुरा नहीं हुआ और आम जनों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

उक्त कार्य में संवेदक के लापरवाही को देखते हुए पूर्ण जॉच प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात विभागीय समीक्षोपरांत अंतिम निर्णय लिये जाने तक बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007, अधिसूचना सं0–8123 दिनांक- 19.12.2007 के कंडिका 11(क) के उपकंडिका (vi) के आलोक में संवेदक **Sirajur Rahman, At –C/o- Md Abdur Rashid, Churipatti Road, Po+P.S+Dist-Kishanganj, Bihar, Pincode: 855108** के निबंधन **संख्या–1150073/1230336** को अगले आदेश तक निलंबित किया जाता है।

01/08/2024

(भगवत राम)

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त

–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः– मु0अ0–(नि0एवंगु0) कालीसूची–10–42/2024 - 2578 /पटना, दिनांकः– 02/08/2024

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/उर्जा विभाग, बिहार, पटना/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

02/08/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः– मु0अ0–(नि0एवंगु0) कालीसूची–10–42/2024 - 2578 /पटना, दिनांकः– 02/08/2024

प्रतिलिपिः–सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/ सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

02/08/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः– मु0अ0–(नि0एवंगु0) कालीसूची–10–42/2024 - 2578 /पटना, दिनांकः– 02/08/2024

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

02/08/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः– मु0अ0–(नि0एवंगु0) कालीसूची–10–42/2024 - 2578 /पटना, दिनांकः– 02/08/2024

प्रतिलिपिः– संवेदक **Sirajur Rahman, Regd No- 1150073/1230336, At –C/o- Md Abdur Rashid, Churipatti Road, Po+P.S+Dist-Kishanganj, Bihar, Pincode: 855108** को सूचनार्थ प्रेषित।

02/08/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव